# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

ग्राम-भन्सरिया, पो०-उदयपुर, लखीमपुर-खीरी (उ०प्र०) 262701


पत्रांक 2378 / M-48 / 91 दिनांक 20/7/26

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः—दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 18.07.2026 को प्रकाशित खबर "पिपरिया गंगा में जल जीवन मिशन अधूराः रु० 307.59 लाख का प्रोजेक्ट निर्धारित समय सीमा के बाद भी अधूरा, भ्रष्टाचार का आरोप" के सम्बन्ध में आख्या।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र में दिनांक 18.07.2026 को प्रकाशित खबर विकास खण्ड–बिजुआ ग्राम पंचायत "पिपरिया गंगा में जल जीवन मिशन अधूराः रु० 307.59 लाख का प्रोजेक्ट निर्धारित समय सीमा के बाद भी अधूरा, भ्रष्टाचार का आरोप" के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जनपद लखीमपुर के कुल 1692 राजस्व ग्रामों में से 139 राजस्व ग्राम पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित हैं। शेष 1553 राजस्व ग्रामों को पेयजल आपूर्ति जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत मेसर्स एन0सी0सी0 एवं वी0टी0एल0 को सूचीबद्ध किया गया है। 904 नग पाइप पेयजल योजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1553 नग राजस्व ग्रामों को संतृप्त किया जाना लक्षित है। नलकूप–942 नग, पम्प हाउस –942 नग, वितरण प्रणाली 11534 किमी0, शिरोपरि जलाशय–922 नग, गृह जल संयोजन–564407 नग प्रस्तावित है प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष नलकूप–939 नग, पम्पहाउस–869 नग, वितरण प्रणाली 14468 किमी0, शिरोपरि जलाशय–484 नग, गृह जल संयोजन–535515 नग, कार्य पूर्ण है। जनपद में 1125 ग्रामों में नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

समाचार पत्र की खबर विकास खण्ड–बिजुआ की ग्राम पंचायत पिपरिया गंगा में जल जीवन मिशन अधूराः रु० 307.59 लाख का प्रोजेक्ट निर्धारित समय सीमा के बाद भी अधूरा, भ्रष्टाचार का आरोप की खबर प्रकाशित हुई। पिपरिया गंगा पेयजल योजना का कार्य एजेंसी मैसर्स वी0टी0एल लि0 द्वारा कराया जा रहा है जिसके सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर श्री धनंजय सिंह द्वारा उक्त खबर का संज्ञान लेते हुए ग्राम पंचायत का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें पाया गया कि विकास खण्ड बिजुआ की ग्राम पंचायत पिपरिया गंगा में उक्त शिकायत से सम्बन्धित फायर हाईड्रन्ट के चैम्बर में उपयोग में लाई जा रही सामग्री अधोमानक पायी गयी उक्त निर्मित चैम्बर को ध्वस्त करने एवं पुनः निर्धारित मानको के अनुसार सामग्री का उपयोग कर कार्य पूर्ण करने व कुछ स्थानों पर बारिश एवं जलभराव के

कारण पुनः सड़के क्षतिग्रस्त हो गयी है। जिसको अति शीघ्र मरम्मत कराने हेतु फर्म को निर्देशित कर दिया गया है। नियमित अनुश्रवण करते हुए उक्त समस्या का निराकरण एक सप्ताह में करा दिया जायेगा।

सादर सूचनार्थ।

(फोटोग्राफ्स)






भवदीय

(मनोज कुमार मौर्य)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. मै०एन०सी०सी०लि० को उक्त सड़क मरम्मत का कार्य 1 सप्ताह में पूर्ण करवाकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

g:\rahul\igrs\anand\paper_cutting\dainik_bhaskar_20.07.2026.docx